an>

Title: Need to give travel concessions and incentives to those Police Officers who have been awarded Police Medals for Distinguished and Meritorious Services

**श्री राम कृपाल यादव (पटना) :** अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में शांति और सौहाद्र बनाए रखने के लिए पुलिस का एक विशेष बल 24 घंटे कार्यरत रहता है। इस बल में शामिल पुलिसकर्मी अपने घर परिवार से दूर सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और अपनी लगन का परिचय देते हुए देश की जनता की समस्याओं का समाधान करते हैं। इस कार्य में वे अपनी जान की बाजी लगा देते हैं। मैं सरकार की सराहना करूंगा कि वह भी इन पुलिसकर्मियों के त्याग को स्वीकारती है और उन्हें विशिष्ट सेवा पदक तथा सराहनीय पदक प्रदान करती है।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह विशिष्ट पदक और सराहनीय पदक (Indian police Medal for Distinguished & Meritorious Services) प्राप्त पुलिसकर्मियों को निम्नलिखित सुविधाए प्रदान करें - रेल यात्रा में उन्हें एक सहयोगी के साथ द्वितीय श्रेणी (वातानुकूल) में नःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करें, हवाई यात्रा (निजी और सरकारी सभी विमान सेवाओं में) में, 75 प्रतिशत की छूट प्रदान करें, टेलीफोन के किराए में छूट दें, विशिष्ट सेवा/सराहनीय सेवा पदकधारकों को प्रतिमाह क्रमशः 750 रूपए तथा 450 रूपए की नगद राशि का भुगतान करें तथा इन्हें आयकर में विशेष छूट प्रदान करें।

मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि मेरी इस अनुशंसा पर सरकार विशेष ध्यान दे और इस पर तत्काल कार्रवाई करें।